हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री


9 वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह...





9 केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कर रही...




## खबर संक्षेप

### बस अड्डे पर महिला यात्री का जेवरात वाला बैग चोरी

**जींद।** नए बस अड्डे पर किसी व्यक्ति ने महिला यात्री के ट्राली बैग से पर्स चोरी कर लिया। पर्स में सोने, चांदी के जेवरात तथा नगदी थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कलावती निवासी रितू ने पुलिस को शिकायत दी है।

### जमीन कब्जाने का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन पुलिस ने भूमि कबजाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। सीवन गेट गुलशन कुमारी ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 नवंबर को सीवन थाना पुलिस में अन्य अधिकारियों द्वारा गांव सैर में उसकी जमीन की निशान देही करवाई थी। बताया कि उसे समय अधिकारियों द्वारा मशीन के साथ जमीन पर पोल भी लगाए गए थे जिस पर अपनी भूमि में सरसों की फसल की बिजाई कर दी थी।

### रेलवे गार्ड लाइन आवास से सोने की अंगूठी-नकदी चोरी

**जींद।** रेलवे गार्ड लाइन में बीती रात चोरों ने एक मकान से सोने की दो अंगूठी तथा लगभग दस हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। रेलवे गार्ड कालोनी निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह ड्यूटी पर गया हुआ था।

### गांव खुरडा से लाखों की भैंस चोरी, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव खुरडा से चोर लाखों रुपये की भैंस चुरा कर ले गए। खुरडा के धर्मपाल ने राजोंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 नवंबर को वह भैंस को कमरे में बांधकर सोया था लेकिन जैसे ही वह 20 नवंबर को सुबह उठा तो देखा उसकी भैंस वहां पर नहीं थी। उसने बताया कि कोई अज्ञात चोर उसकी भैंस को चुरा कर ले गया है।

### बाइक सवारों ने व्यक्ति से नकदी-मोबाइल छीना

**जींद।** बेलरखां के निकट बाइक सवार दो युवकों ने व्यक्ति से छह हजार की नकदी तथा फोन छीन लिया। सदर थान नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पीपलथा निवासी अवतार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेलरखां से लौट रहा था। गांव से निकलते ही बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया।

### घर पर फायरिंग का वांछित आरोपी काबू

**कैथल।** पूंडरी में एक घर पर फायरिंग करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने वांछित आरोपी को काबू किया गया है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने बताया कि पूंडरी निवासी प्रदीप कुमार ने शिकायत दी थी कि 1 नवंबर की मध्यरात्रि लगभग 12 बजे दो अज्ञात युवक बाइक पर सवार होकर आए और उसके घर पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में घर की मौंटी और शीशे क्षतिग्रस्त हो गए।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव खरकबूरा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाच कर रही है। खरकबूरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बीस वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### लंबित शिकायतों का समयबद्ध करें समाधान

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और लंबित शिकायतों का समयबद्ध समाधान करवाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। समाधान शिविर में 12 शिकायतें लंबित हैं और एक नई शिकायत आई है।

---

### दवा लेने वालों की भीड़, नियमित फार्मासिस्ट नियुक्त करने की मांग

# नागरिक अस्पताल में दवा खिड़की से फार्मासिस्ट प्रशिक्षु नदारद, मरीज दुःखी

**घंटों तक दवा के लिए मरीज व तिमारदार परेशान, अधिकारियों से की शिकायत**

**दवा लेने के लिए काफी समय लग रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को उस समय दवा लेने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ गया जब खिड़की पर मौजूद फार्मासिस्ट प्रशिक्षु नदारद हो गए। इस दौरान दवा को लेकर लाइनों में लगे कई लोग शिकायत करने के लिए अधिकारियों के पास भी पहुंचे। लगभग एक घंटे तक मरीज व उनके तिमारदार दवा खिड़की के आगे परेशान होते रहे। आखिरकार स्वास्थ्य अधिकारियों ने समस्या पर संज्ञान लिया और दवा खिड़की पर व्यवस्था कर दवा वितरण का काम शुरू करवाया गया। परेशान लोगों ने कहा कि दवा खिड़की पर नियमित फार्मासिस्टों को नियुक्त किया जाना चाहिए ताकि आमजन को परेशानी न हो। एक घंटे तक मरीजों को उठानी पड़ी परेशानीः नागरिक अस्पताल में दवा खिड़की पर प्रशिक्षु फार्मासिस्टों को लगाया गया है। उनकी सुपरविजन के लिए चीफ फार्मासिस्ट भी नियुक्त हैं। कई बार प्रशिक्षु फार्मासिस्टों को चिकित्सक की लिखी दवा समझ नही आती, इसे लेकर दवा लेने वालों से बहस तक हो जाती है। कभी प्रशिक्षु काम छोड़ देते हैं और कभी दवा लेने वाले लोगों से बदतमीजी करते हैं। जो मरीजों के लिए परेशानी का कारण बनती है। शुक्रवार सुबह अचानक से दवा खिड़की से ये प्रशिक्षु नदारद हो गए और सारा भार मुख्य फार्मासिस्ट पर आ गया। दवा लेने के लिए काफी समय लग रहा था। जिस पर दवा लेने आए मरीजों व तिमारदारों ने मामले की शिकायत पीएमओ व डिप्टी एमएस से की।



जींद। दवा खिड़की पर अकेले दवा देते फार्मासिस्ट। फोटो :हरिभूमि



जींद। दवा खिड़की पर परेशान लोग। फोटो :हरिभूमि

#### मामले की करवाई जाएगी जांच

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि उनके पास कई मरीज दवा खिड़की पर दवा न मिलने, खिड़की पर किसी के न होने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। मामले की जांच करवाई जाएगी। दवा लेने वाली खिड़की पर मरीजों व उनके तिमारदारों को किसी भी सूरत में परेशान नही होने दिया जाएगा।

#### नियमित फार्मासिस्टों को लगाया जाए

अस्पताल में आए कुलदीप, सीमा ने कहा कि दवा खिड़की पर नियमित फार्मासिस्टों को लगाया जाए। क्योंकि प्रशिक्षु फार्मासिस्टों का रवैया ठीक नही रहता। इसके अलावा कई बार उन्हें चिकितसक की लिखी दवा भी समझ नही आती है। कई बार तो गलत दवा तक दे देते हैं। जब प्रशिक्षु फार्मासिस्टों द्वारा दी गई दवा चिकित्सकों को दिखाई जाती है तो उन्हें वापस करवाया जाता है।

#### दवा लेने की खिड़की पर भीड़

नागरिक अस्पताल में मरीज सबसे पहले ओपीडी स्लिप के लिए लाइन में लगता है। इसके बाद चिकित्सकों के बाहर लाइनों में लगना पड़ता है। जब सब जांच हो जाती है तब दवा खिड़की पर लाइन लगती है। यहां तक आते-आते मरीज और तिमारदार भारी परेशानी से घिर जाते हैं। हालांकि दवा व ओपीडी स्लिप काउंटर के बीच में कुर्सियां भी लगाई गई हैं लेकिन इन कुर्सियों की सुविधा मरीज ही उठा पाते हैं। क्योंकि दवा व पर्ची के लिए तिमारदारों को लाइनों में लगना पड़ता है। शुक्रवार को एक घंटे तक मरीज परेशान रहे और स्वास्थ्य विभाग को जमकर कोसा।

---



कलायत। फैक्ट्री में रेड के दौरान कार्रवाई में लगी टीम। फोटो :हरिभूमि

# 350 किलो पनीर, 3500 लीटर दूध 300 लीटर रिफाइंड को करवाया नष्ट

- खाद्य एवं औषधि विभाग ने कलायत में मारा फैक्टरी पर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत अनाज मंडी स्थित एक फैक्ट्री पर खाद्य एवं औषधि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम का नेतृत्व डॉ. पवन कुमार ने किया। छापेमारी के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। डा.पवन कुमार ने बताया कि फैक्ट्री की गहन जांच के दौरान पनीर, दूध, केमिकल, सिरका और रिफाइंड तेल के अलग-अलग सैंपल लिए गए। जांच के दौरान पाया गया कि उत्पाद गुणवत्ता कसौटी पर खरे नहीं। इसके चलते मौके पर ही लगभग 350 किलो पनीर, 3500 लीटर दूध, 300 लीटर रिफाइंड तेल और 1000 लीटर सिरका को नष्ट कर दिया गया। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हडक्रंप मचा रहा। आसपास के निवासियों में खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई।

#### सेहत के लिए खतरा

अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री में उपयोग किए जा रहे कुछ रसायनों और सामग्री को मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित रूप से हानिकारक पाया गया। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां न केवल लोगों की सेहत के लिए खतरा हैं बल्कि खाद्य मानकों का खुला उल्लंघन भी करती हैं। डा.पवन कुमार ने स्पष्ट किया कि विभाग किसी भी परिस्थिति में खाने-पीने की चीजों के नाम पर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों पर सख्ती बरतने के लिए आगे भी अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई जारी रहेगी। कई घंटों तक चली इस कार्रवाई ने पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया। अधिकारी अब सैंपल रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। इसके आधार पर संबंधित फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि संदिग्ध खाद्य पदार्थों की जानकारी तुरंत विभाग को दें। ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

---

# बड़े भाई की हत्या करने वाले दोनों आरोपित छोटे भाई काबू

- हत्या के पौना माह बाद दर्ज हुआ था दोनों पर हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव सिंघाना में भाई की पीट-पीट कर हत्या करने के दोनों छोटे आरोपित भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव सिंघाना निवासी सुकरमा देवी ने गत 17 नवंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत दस अक्टूबर को उसके पति पवन के साथ उसके देवर सतबीर तथा राजेश ने मारपीट की थी। जिसमें उसके पति को गंभीर चोटें आई थी। गत 26 अक्टूबर को पीजीआई में उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने पुलिस को बताया था कि मृतक पवन को चोटें बाइक से गिर कर लगी थी। उस दौरान पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया था। मृतक की पत्नी ने बताया कि वह अपने पति से मिलने पीजीआई में गई थी तो पवन ने उसे बताया था कि सतबीर तथा राजेश ने उसके साथ मारपीट की थी। मारपीट के दौरान लगी चोटों के कारण उसके पति की मौत हुई है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने सुकरमा देवी की शिकायत पर सतबीर तथा राजेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। सदर थाना सफीदों पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित सतबीर तथा राजेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश ने बताया कि दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करी लिया गया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

---

# कैथल पुलिस ने 15 दिन में 193 आरोपी दबोचे

**ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत 5 से 15 नवंबर तक कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत 5 से 15 नवंबर तक चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 15 दिन में 193 आरोपी किए काबू किए हैं। इनमें सबसे अधिक 68 वांछित आरोपी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अभियान में अन्य अपराधों में शामिल रहे 125 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों पर हत्या का प्रयास, फायरिंग, किडनैपिंग, संगठित लूट, फिरौती, चोरी, गंभीर चोटें मारने, नशीला पदार्थ तस्करी, भगौड़े व अवैध हथियार रखने आदि के संगीन आरोप दर्ज हैं। एसपी उपासना ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने हथियारबंद व गिरोहबंद बदनाम अपराधियों पर विशेष फोकस रखा। पूंडरी क्षेत्र में मकान पर फायरिंग की वारदात में शामिल 5 आरोपियों को काबू किया। जबकि गुहला में पंजाब निवासी युवक के अपहरण व बर्बर मारपीट करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया । इसी तरह सिविल लाइन क्षेत्र में फायरिंग व फिरौती की घटना में शामिल एक आरोपी को भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके साथ ही तीन आरोपियों अभिजोत निवासी किरमच को फायरिंग मामले में, बंटी निवासी प्यौदा व सोहेब खान निवासी बहजोई पर तार चोरी मामले में संगठित अपराध की विशेष धाराएं लगाई है।

#### दाखिले का झांसा देकर 83 हजार रुपये हड़पे

**जींद।** महिला को उसकी ननंद का जीएनएम में दाखिला करवाने का झांसा देकर 83 हजार रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कर्मचारी कालोनी निवासी ज्योति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका संपर्क हुडा मार्केट में निजी कार्यालय चलाने वाले गांव पालवां निवासी राकेश से हुआ। उसने बताया कि वह एएनएम तथा जीएनएम में दाखिले करवाता है। आरोपित के झांसें में आकर उसने अपनी ननंद का दाखिला करवाने की बात कही। बात फाइनल होने पर आरोपित को उसकी ननंद के दस्तावेज तथा 83 हजार रुपये दे दिए गए। बावजूद इसके उसकी ननंद का आरोपित ने जीएनएम मे दाखिला नही करवाया।

#### तुरंत कड़ी कार्रवाई

एसपी ने कहा कि अपराधिक इतिहास वाले व्यक्तियों पर निगरानी मजबूत करने के लिए पुलिस ने 36 बदनाम व दुष्चरित्र व्यक्तियों की हिस्ट्रीशीट खोली है, हिस्ट्रीशीट खोलने से उस व्यक्ति पुलिस द्वारा निगरानी की जाती है। भविष्य के किसी भी अपराध पर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा 6 आरोपियों की बेल कैंसिल कराने की प्रक्रिया न्यायालय में विचाराधीन है। अपराध से अर्जित संपत्ति पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी की 3 मरला प्रॉपर्टी अटैच करवाई गई है, जबकि चार अन्य आरोपियों की संपत्तियों की अटैचमेंट प्रक्रिया अदालत में जारी है।

---



पूंडरी। गांव मुन्नोहड़ी में बिजली निगम द्वारा आयोजित ओपन दरबार का दृश्य।

#### बिजली निगम ने डीग व मुनारेहड़ी में लगाया खुला दरबार

**पूंडरी।** प्रधानमंत्री 'सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से आज गांव डीग और गांव मुनारेहड़ी में बिजली निगम द्वारा ओपन दरबार आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ उपमंडल-2 बलवान मेहरा ने की। ग्रामीणों को बताया कि योजना के तहत 3 किलोवाट तक के सोलर प्लांट लगाने पर उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा लगभग 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों को 2 किलोवाट तक 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इस प्रकार पात्र उपभोक्ता कुल मिलाकर लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये तक का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ओपन दरबार में लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, सोलर प्लांट लगाने की विधि और संभावित बिजली बिल बचत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

---

# कलायतः छुट्टी पर गए एसडीएम नपा उप प्रधान का चुनाव स्थगित

- दो दिन से चल रही चुनावी तैयारी को समेटने की प्रक्रिया प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका में शुक्रवार को उपप्रधान चुनाव सिरे नहीं चढ़ पाया। अचानक चुनाव अधिकारी एसडीएम अजय हुड्डा के मेडिकल अवकाश पर चले जाने पर चुनाव को स्थगित करने का निर्णय प्रशासन द्वारा लिया गया। हालांकि नगर पालिका प्रशासन ने स्थानीय सियासत से जुड़े इस महत्वपूर्ण चुनाव को लेकर नपा कार्यालय परिसर में व्यापक तैयारियां की थीं। सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर अधिकारी हरकत में थे। बैठक कक्ष में चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी 17 जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए कुर्सियां लगाई गई। मतदान के लिए ईवीएम की व्यवस्था रही। लेकिन अचानक एसडीएम के न पहुंचने पर करीब 11:30 बजे नपा सचिव पवन ने आधिकारिक रूप से चुनाव स्थगित होने की सूचना दी। इस पर दो दिन से चल रही चुनावी तैयारी को समेटने की प्रक्रिया शुरू हुई। 12 मार्च को नपा आम चुनाव के परिणाम घोषित होने के उपरांत पहली बार 21 नवंबर को उप प्रधान चुनाव करवाने के लिए तारीख तय की गई थी। करीब 9 माह की अवधि में चुनावी माहौल शहर में बना रहा। उपप्रधान पद को लेकर नपा में लंबे समय से सियासी हलचल तेज बनी रही। नपा प्रधान अंकित राणा के खेमे में 9 व वार्ड एक से पार्षद कुमारी रेणु धानियां के पक्ष में 8 पार्षद शामिल रहे। दोनों ही खेमे कई दिनों से उपप्रधान के पद पर कब्जा जमाने के लिए रणनीति बनाने में जुटे थे। कुल 17 सदस्यों वाले सदन में उपप्रधान चुनाव के लिए कम से कम 9 सदस्यों का कोरम आवश्यक है।

---



ढांड। डीसी प्रीति डॉ. मुकेश चहल गोपेरा को सम्मानित करते।

#### डॉ. मुकेश को मिला बेस्ट काउंसलर का अवार्ड

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते बताया कि महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि युवा रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला कैथल शाखा द्वारा 17 से 21 नवंबर 2025 तक कैथल में आयोजित युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने सक्रिय प्रतिभागिता कर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुकेश चहल गोपेरा को उपायुक्त द्वारा 'बेस्ट काउंसलर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार महाविद्यालय के छात्र विशाल को 'बेस्ट यूथ अवार्ड' प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में 20 कॉलेजों के लगभग 100 छात्र और 20 काउंसलरों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को नशा-मुक्ति, रक्तदान, प्राथमिक चिकित्सा आदि विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया।

---

**दस परीक्षा केंद्र बनाए, दो चरणों में होगा परीक्षा का आयोजन**

# नेशनल मींस मेरिट कम स्कॉलरशिप के लिए परीक्षा 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नेशनल मींस मेरिट कम स्कॉलरशिप (राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा) के लिए 30 नवंबर को परीक्षा होगी। पात्र विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट व एससीईआरटी गुरुग्राम हरियाणा की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपने आधार कार्ड व जन्म तिथि भरकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नेत्रहीन अथवा अशक्त परीक्षार्थी जो स्वयं अपने हाथ से लिखने में असमर्थ व लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं। उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण पत्र, जिसमें उनकी अशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक प्रमाणित की गई है। उसकी सत्यापित प्रति जमा करवानी होगी। ऐसे परीक्षार्थियों को लेखक के मूल एवं सत्यापित दस्तावेज जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो जिसमें से एक सत्यापित हो, फोटोयुक्त पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड, स्थायी व अस्थायी पता सहित स्कूल के प्राचार्य अथवा प्रतिनिधि से सत्यापित करवाने उपरांत परीक्षा केंद्र पर परीक्षा से दो दिन पहले पहुंच कर केंद्र अधीक्षक से लिखित स्वीकृति लेना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते जिले में दस केंद्र बनाए गए हैं। योजना के तहत जींद जिलेभर से 2976 आवेदन आए हैं।

#### परीक्षा के होंगे दो भाग

जिला गणित विशेषज्ञ आनंद सहारण ने बताया कि नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप परीक्षा के लिए एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसके दो भाग होंगे। पहले भाग में मानसिक योग्यता परीक्षण आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। इस भाग में विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता तर्क, विश्लेषण व संश्लेषण को जांचने के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल 90 प्रश्न होंगे जो कि प्रत्येक एक-एक अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। दूसरा भाग बौद्धिक योग्यता परीक्षण पर होगा। इस भाग में भी 90 प्रश्न पूछे जाएंगेए जिसमें विज्ञान के 35 प्रश्न, गणित के 20 प्रश्न और सामाजिक विज्ञान के 35 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।

#### पास को प्रति माह 1000 रुपये

परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं कक्षा तक एक हजार रुपये प्रति माह छात्रवृति के रूप में दिए जाएंगे। नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढने वाले प्रतिभाशाली जरूरतमंद बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। हरियाणा राज्य में इस योजना के अंतर्गत 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी राज्य के सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कक्षा आठवी में पढ़ रहे हो। उन्होंने सातवीं कक्षा किसी सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालय में पिछले सत्र में पास की हो।

---



जींद। छात्र श्रुति को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### श्रुति का वायु सेना में चयन

**नरवाना।** एसडी पब्लिक स्कूल की कक्षा बारहवीं की पूर्व छात्रा श्रुति नैन का भारतीय वायु सेना की परीक्षा में हरियाणा राज्य में प्रथम रैंक हासिल करके विद्यालय और नरवाना शहर का नाम रोशन किया। प्राचार्या अनिता मलिक ने बताया कि छात्रा श्रुति ने बारहवीं साइंस सत्र 2021-22 में अच्छे अंक लेकर मेरिट में स्थान प्राप्त किया था। यह छात्रा शुरू से ही होनहार और अनुशासित छात्रा थी। उन्होंने बताया कि श्रुति ने पढाई के समय से ही भारतीय सेना में जाने का निर्णय लिया और देश की सेवा करने की भावना जागृत हुई।



# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

## लाइफ Style



# रकुल
## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।




# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर, चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं।



दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आबू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थीं। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक

# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

**खबर संक्षेप**

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आज

**उचाना।** 22 नवम्बर को स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी में सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर डिंपल अरोड़ा प्रिंसिपलए मुख्य वक्ता के तौर पर मीनू आर्या पहुंचेगी। अध्यक्षता प्रोमिला मलिक करेंगी।

### डॉ. सुनील कुमार को एसएमओ का कार्यभार

**जींद।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप सिंह के तबादला होने उपरांत 40 दिन बाद शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला का वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का कार्यभार डा. सुनील कुमार सिंगरोहा को मिला है। यह कार्यभार महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के आदेशानुसार प्राप्त हुआ है। डा. सुनील ने कहा कि वो सभी कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते जनता हित में मिल जुलकर ड्यूटी करेंगे ओर जनता को ओर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने मे तत्पर रहेंगे।

### वेतन नहीं देने पर यूनियन ने धरने की चेतावनी दी

**जींद।** सफीदों ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में ब्लॉक प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। ब्लॉक के दो सफाई कर्मचारियों सत्यवान ग्राम आफताबगढ़ को पिछले चार महीने से तथा सुनील खेड़ी खीमावती को साढ़े तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। दोनों कई बार बीडीपीओ सफीदों तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) संदीप से व्यक्तिगत रूप से मिल चुके हैं।

### सिक्योरिटी ऑफ सर्विस लाभ मिलने से संघ में खुशी

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा जींद डिवीजन में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम विभिन्न सर्कलों की लिस्ट जारी होने पर खुशी मनाई गई। भारतीय मजदूर संघ के द्वारा बिजली विभाग के अनुबंधित कर्मचारियों को सिक्योरिटी ऑफ सर्विस का लाभ दिलवाने पर कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से सेवा सुरक्षा की मांग कर रहे।

### बिल्लू डूमरखां का हृदय गति रूकने से निधन

**उचाना।** प्रदेशभर में सदभाव का संदेश लेकर निकले पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की सदभाव यात्रा में शामिल बिल्लू डूमरखा का हृदय गति रूकने से निधन हो गया। डूमरखां में हुए अंतिम संस्कार के बाद पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने राहुल गांधी के साथ बिल्लू डूमरखां के बेटे धवल की बात करवाई। ये बात पांच मिनट से लेकर सात मिनट तक हुई। राहुल गांधी ने परिवार की ढांढस बधाते कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी उनके परिवार के साथ है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक पच्चीस को

**जुलाना।** जुलाना के भामाशाह पार्क में मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक होगी। इस बैठक में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारी भाग लेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान ईश्वर ठाकुर ने कहा कि 25 नवबंर को होने वाली बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### 26 नवंबर के प्रदर्शन के लिए चलाया अभियान

**जींद।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं देश के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 26 नवंबर को होने वाले देशव्यापी किसान, मजदूर आंदोलन दिवस के लिए जींद में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जिलाभर के गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सीटू जिला सचिव संदीप ने घर-घर पहुंच कर 26 को जींद मुख्यालय पर होने प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया।

### सफीदों:चौक चौराहों पर लगेंगी स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एवं देश को आजादी दिलवाने वाले शहीद हमारे गर्व एवं गौरव का प्रतीक हैं। उनकी स्मृतियों को संजोने-नई पीढ़ी में देश भक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से सफीदों के चौक चौराहों पर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

*जिलों की सीमा में प्रवेश करते ही साध, संगत ने पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन*

# वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से गूंजी जींद व कैथल की धरती

*गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस की स्मृति में सिरसा के से आरंभ हुई हिंद की चादर नगर कीर्तन यात्रा पहुंची*

**नगर कीर्तन यात्रा देर शाम कालवन से धमतान साहिब गुरुद्वारा पहुंची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस की स्मृति में जिला सिरसा के रोड़ी कस्बा से आरंभ हुई हिंद की चादर नगर कीर्तन यात्रा वीरवार देर सायं जब जिला जींद की सीमा में पहुंची तो श्रद्धा और उत्साह का असाधारण संगम देखने को मिला। इस यात्रा ने जिला फतेहाबाद के टोहाना से होते हुए जैसे ही कालवन गांव में प्रवेश किया तो साध संगत ने पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ अभिनंदन किया। इस मौके पर स्वागत द्वारों की भी भव्य सजावट की हुई थी। पूरा वातावरण वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से गुंजायमान रहा। धमतान साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों तथा हजारों श्रद्धालुओं ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर कीर्तन यात्रा देर शाम कालवन से धमतान साहिब गुरुद्वारा पहुंची। जहां रात्रि विश्राम हुआ। धमतान साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने नगर कीर्तन यात्रा का भावपूर्ण तथा सद्भाव के साथ स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक सरदार हजूर सिंह, सचिव सरदार हरविंदर सिंह, सदस्य जुगबीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने स्वागत संदेश में कहा कि यह यात्रा गुरु तेग बहादुर के तप, त्याग और सर्वोच्च बलिदान की अमर गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। धमतान साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों तथा हजारों श्रद्धालुओं ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर कीर्तन यात्रा देर शाम कालवन से धमतान साहिब गुरुद्वारा पहुंची। उन्होंने बताया कि गुरु साहिब ने धर्म एवं मानवता की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर किए।



नरवाना। यात्रा की अगुवाई करते पंज प्यारे। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन करते साध संगत। फोटो :हरिभूमि

**शहादत विश्व के लिए प्रेरणा का दीपक**

उनकी शहादत पूरे विश्व के लिए प्रेरणा का दीपक है। उन्होंने भाई मति दास, भाई सती दास और भाई दयाला के बलिदान को भी इस यात्रा का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक यात्रा 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। जहां 25 नवंबर को राज्य स्तरीय भव्य समापन समारोह होगा। यात्रा के दौरान युवाओं को गुरुओं के आदर्शों, त्याग और राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण की प्रेरणा देने का संदेश पूरे क्षेत्र में गूंजता रहा। रात्रि ठहराव के बाद शुक्रवार सुबह नगर कीर्तन यात्रा धमतान साहिब गुरुद्वारे से अगले पड़ाव के लिए रवाना हो गई। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति पदाधिकारियों ने पंच प्यारों को सिरोपा भेंट कर गुरुवाणी के साथ रवानगी दी। मौके पर मौजूद हजारों श्रद्धालुओं द्वारा सत श्री अकाल, बोले सो निहाल के गुरु मंत्र के साथ श्री गुरु की पालकी आगे प्रस्थान कर गई। नगर कीर्तन यात्रा ने तत्पश्चात रसीदां, ढाबी टेक सिंह, पीपलथा, गढ़ी तथा दातासिंह वाला के रास्ते होते हुए कैथल जिला के धनौरी गांव के लिए प्रस्थान किया। प्रत्येक गांव में गुर पालकी तथा नगर कीर्तन यात्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम नजर आया।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के दिखाए सहिष्णुता और निडरता के मार्ग पर चलने का आह्वान

*निकाली जा रही यात्रा का धनौरी में अपार श्रद्धा एवं गरिमामय स्वागत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ऐतिहासिक यात्रा का कैथल जिले के धनौरी गांव में शुक्रवार को अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगत द्वारा बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे लगाए गए। यात्रा के धनौरी पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, पूर्व विधायक लीला राम के सुपुत्र मोहित, सरपंच कपिल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने यात्रा का स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम अजय सिंह ने यात्रा का स्वागत किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब समक्ष पूरी श्रद्धा के साथ शीश नवाया और पुष्प अर्पित करते हुए गुरु जी के प्रति अपनी असीम आस्था व्यक्त की। इस दौरान गुरु साहिब की शिक्षाओं पर आधारित कीर्तन और गुरबाणी का पाठ भी किया गया, जिसने माहौल को और भी अधिक भक्तिमय बना दिया। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के अद्वितीय बलिदान को याद किया।



कैथल। गांव धनौरी में पहुंचने पर यात्रा पर पुष्पवर्षा करते श्रद्धालु।



भाजपा नेता अशोक गुर्जर व मुनीष कठवाड यात्रा में शामिल पदाधिकारियों का स्वागत करते।

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी का 350वां शहीदी दिवस हम सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। उनका बलिदान केवल एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि मानव मूल्यों, धर्म की स्वतंत्रता और न्याय की रक्षा के लिए था। हरियाणा सरकार की यह यात्रा उनकी शहादत को नमन करने और युवा पीढ़ी को उनके त्यागपूर्ण जीवन से अवगत कराने का एक नेक प्रयास है। हमें उनके दिखाए सहिष्णुता और निडरता के मार्ग पर चलना चाहिए। वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने अपनी शहादत से यह सिद्ध किया कि सत्य और धर्म की रक्षा जीवन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह यात्रा हमें याद दिलाती है कि हमें अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना चाहिए। पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़ ने कहा कि जिले के धनौरी गांव में आज जिस उत्साह और सम्मान के साथ इस यात्रा का स्वागत किया है, वह गुरु घर के प्रति अटूट आस्था को दर्शाता है। हम सभी को गुरु तेग बहादुर जी के दिखाए मार्ग पर चलकर एक मजबूत और नैतिक समाज का निर्माण करना होगा। इस अवसर पर मोहित, जिला महामंत्री सुरेश संधू, मुनीष शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सहित अन्य संगत मौजूद रही। शुक्रवार को यात्रा का स्वागत धनौरी गांव में किया गया। इसके बाद यह यात्रा बरटा, सांघन, मालखेड़ी, पाड़ला, विश्वकर्मा चौक कैथल, पूंडरी सहित विभिन्न गांवों से होते हाबड़ी पहुंची, इसके बाद यात्रा का रात्रि ठहराव कैथल श्री गुरु नीम साहिब गुरुद्वारे में हुआ। यह यात्रा 22 को नीम साहिब गुरूद्वारे से चलते हुए डोगरा गेट, सीवन गेट, माता गेट, पिहोवा चौक, विश्वकर्मा चौक, भगवान परशुराम चौक से होते सीवन, पोलड़, कांगथली, डेरा कारसेवा होते हुए चीका से आगे के रूट पर जाएगी।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

**इंडस स्कूल एनसीसी टीम ने किया सीआरएसयू का दौरा**

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के विद्यार्थियों की एनसीसी टीम ने सीआरएसयू का भ्रमण किया। जहां उन्होंने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक गायन कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी टीम के कैडेट्स ने जोश और गर्व के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और एकता की भावना से भर उठा। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहा। इस अवसर पर स्कूल की एनसीसी इंचार्ज अर्जिता गुप्ता ने टीम का नेतृत्व किया और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय महत्व के इस ऐतिहासिक दिवस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। स्कूल के चेयरमैन सुरेन्द्र मडोत्रा ने एनसीसी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रम छात्रों में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सीआरएसयू जींद द्वारा आयोजित इस यादगार कार्यक्रम के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया।

### एसडीएम ने किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण

**जींद।** एसडीएम सत्यवान मान ने शुक्रवार को जिला के नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के पास स्थित नई सोच नशा मुक्ति केंद्र तथा नरवाना बायपास रोड स्थित बियॉन्ड नशा मुक्ति केंद्र में पहुंच कर उपचार एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नई सोच नशा मुक्ति केंद्र में 12 मरीज तथा बियॉन्ड नशा मुक्ति केंद्र में 10 मरीज उपचाररत पाए गए। एसडीएम ने सभी मरीजों से बातचीत कर उनकी स्थिति, उपचार सुविधाओं तथा केंद्रों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ नोडल अधिकारी (मेंटल हेल्थ) डा. संकल्प, सिटी एसएचओ पूर्ण सिंह, डीएमईओ रवि मलिक तथा समाज कल्याण विभाग से मुकेश सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्रों में सभी सीसी टीवी कैमरे पूर्ण रूप से कार्यशील रहें और पिछले एक महीने की रिकॉर्डिंग उपलब्ध हो। कहा कि किसी भी मरीज को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।



कैथल। एंटी ड्रग से संबंधित पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**नशे के खिलाफ किया जागरुक**

**कैथल।** श्री कपिलमुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में एंटी-ड्रग अवेयरनेस सेल के तहत नशा-मुक्ति को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सेल की इंचार्ज रीतु द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाली सामाजिक, शारीरिक व मानसिक हानियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर और नारों की प्रदर्शनी लगाई गई, जहाँ उपस्थित छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने इन्हें देखकर नशा-मुक्त समाज के महत्व को समझा। रीतु ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। सभी छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में भी नशा-मुक्ति का संदेश फैलाएँ इस अवसर पर प्राचार्य सुनील गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और समुदाय में नशा विरोधी चेतना को बढ़ावा देना और युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करना था। पोस्टर और स्लोगन प्रदर्शनी ने कॉलेज परिसर में जागरूकता का एक सकारात्मक माहौल तैयार किया।

**कार्यक्रम** | जींद मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को डिप्टी स्पीकर ने करवाया पदग्रहण

## केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कर रही कल्याणकारी कार्य : डॉ. मिड्ढा

**सरकार ने जो जिम्मेदारी सौंपी, पूरी निष्ठा से निभाएंगे : बबलू गोयल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए कल्याणकारी कार्य कर रही है। किसानों के प्रति मौजूदा राज्य सरकार द्वारा निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला के एक लाख 31 हजार 629 किसानों के खाते में करीब 26 करोड़ 33 लाख रुपये की धनराशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सीधा किसानों के खाते में डालने का काम किया है। हरियाणा में ट्रिप्पल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में जन कल्याण की भावना से कार्य कर रही है।



जींद। कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा का स्वागत करते हुए।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को नई अनाज मंडी में नवनियुक्त मार्केट कमेटी चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा सदस्यों के पदग्रहण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। उन्होंने जींद मार्केट कमेटी के चेयरमैन मनीष गोयल उर्फ बबलू, वाइस चेयरमैन हरिदास सैनी तथा अन्य सदस्यों की नियुक्ति होने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी पदाधिकारी निरंतर सेवा भाव से कार्य करते किसानों तथा मंडी व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करें। बीजेपी सरकार ने जो कहा है वो किया है। पूर्व की सरकारों में किसानों को मुआवजा के तौर पर पांच-पांच रुपये देकर मजाक करने का कार्य किया है। जबकि वर्तमान सरकार किसानों को उचित मुआवजा दे रही है।

**ये रहे मौजूद**

कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल, पूर्व महामंत्री डा. राज सैनी, भारत भूषण टांक, बबल सैनी, रामफल शर्मा, कालू आहूजा, पार्षद राममेहर, सतप्रकाश गोयल, मंडी प्रधान सुशील सिहाग, सोनू भारद्वाज, रामअवतार, राजेश सैनी, बलराज, सुमन, कृष्ण रेढू, कृष्ण चहल, जितेंद्र सैनी, राधेश्याम चिलाना, नंदलाल मिगलानी, जसबीर सैनी, मुकेश शर्मा, रविन्द्र खुंगा, ठंडी खोखरी, मोहित गुंबर, कुलदीप सिहाग, गोविंदपुरा के सरपंच कमल माथुर आदि मौजूद रहे।

**धर्मभूमि पर पहुंचने का आह्वान**

इस बात का आकलन आप स्वयं भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हर वर्ग के साथ-साथ विशेषकर किसानों को सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र की धर्मभूमि पर गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी दिवस मनाया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री स्वयं पहुंचकर गुरू ग्रंथ साहिब के आगे नतमस्तक होंगे। हमारे देश के अनेकों गुरुओं, महापुरुषों ने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान दिया है। सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कुरुक्षेत्र की धर्मभूमि पर पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद जींद में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। मेडिकल कॉलेज की स्थापना, सामान्य अस्पताल की नई बिल्डिंग और विस्तारीकरण, ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना, पार्कों एवं रानी तालाब का सौंदर्यीकरण, अटल पार्क का निर्माण, शहर में ऊपरगामी पुल और अंडरपास का निर्माणए सड़कों का व्यापक सुधारीकरण तथा चौधरी रणबीर सिंह रीजनल सेंटर को विवि का दर्जा दिया जाना, यह सभी कार्य सरकार की विकासोन्मुख नीति के प्रतीक हैं। इसके अतिरिक्त जींद हलके के लगभग सभी गांवों में करोड़ों की धनराशि से विकास कार्यों को मूर्त रूप दिया गया है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गांव और नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचा कर हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। जिला प्रभारी मदन गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने भी समारोह को संबोधित किया।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (101 से 150)**

❖ बिशन चन्द सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ कनिष्क सुपुत्र श्री तरूण कुनार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनिता धर्मपत्नी बिशन चन्द, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ रामचन्द्र गर्ग सुपुत्र श्री ओमप्रकाश गर्ग, पुरानी मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ उदय सिंह सुपुत्र श्री तुलसी राम, म. नं. 477, सैक्टर-1, हुडा, पार्ट 1, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ जगदीश धर्मपत्नी बिमला, बाजद, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ दीपक कुमार सुपुत्र श्री पुरूषोत्तम दास, किला रोड, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ बिल्लु कुमार सुपुत्र श्री किशन लाल, अटेली मण्डी, झण्डा चौक, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यवान यादव सुपुत्र श्री कृष्ण यादव, शंकर कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ रविदत्त शर्मा सुपुत्र श्री रामकुमार शर्मा, सुरजभान, महेन्द्रगढ़ ❖ बिरेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री सुमेर सिंह, वार्ड 1, छाजूपुरम कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ प्रतीक सुपुत्र श्री सतीश कुमार, नौताना, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ गौरव सुपुत्र श्री संजय कपूर, वार्ड 1, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ दया किशन सुपुत्र श्री भय राम, गांव खेड़ा, महेन्द्रगढ़ ❖ पिंकी देवी धर्मपत्नी श्री अजित कुमार, गागडवास, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ संदीप पुत्र श्री राजबीर, निवासी गांव कुलासी जिला झज्जर ❖ राजकुमार नागर पुत्र श्री करतार सिंह नागर, निवासी गली नं.5, शंकर गार्डन, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ अनुराधा गोयल पत्नी श्री विनोद कुमार गोयल निवासी 80ए, गली नं. 2, मॉडल टाउन, बहादुरगढ़ ❖ राजकुमार गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह गुप्ता निवासी 393/25, जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ विहान सिंह पुत्र श्री नीरज दलाल निवासी मकान नं.8/832, गली नं.4, दयानंद नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हरबंस लाल खुराना पुत्र श्री लक्ष्मण दास खुराना निवासी 24/776, झील मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ मुख्तयार सिंह पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी गांव सांखौल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ परमजीत पुत्र श्री रोहताष निवासी गांव जाखौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हिमांशी राठी पुत्री श्री कृष्ण कुमार निवासी 18/699, राम नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ रोहतास पुत्र श्री राममेहर निवासी गांव दुल्हेड़ा बहादुरगढ़ जिला झज्जर ❖ जगबीर मुदगल निवासी मोहन नगर बहादुरगढ़ जिला झज्जर ❖ श्रीनिवास पुत्र श्री मनफुल सिंह निवासी मकान नं.22, न्यू रिसमी नगर, हिसार ❖ नवीन कुमार पुत्र श्री सुरजभान निवासी गांव मंगली (अकलान), जिला हिसार ❖ अरूण कुमार आहुजा पुत्र श्री कृष्ण लाल आहुजा निवासी 78/18, कमला नगर, हिसार ❖ कनिका पुत्री श्री संदीप कुमार निवासी डी-7, सीसी-5, एचएयू, ओल्ड कैम्पस, गेट नं.2, हिसार ❖ सनवी सैनी पुत्री श्री नन्दराम सैनी निवासी वार्ड नं. 4, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राकेश पुत्र श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ अनीता पत्नी कुलवीर सिंह निवासी सीएचसी लोहारू, जिला भिवानी ❖ रामबीर पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी लेघ्यां हेतवान जिला भिवानी ❖ सुप्रिया वर्मा पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ खुशी पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ दिलबाग सिंह पुत्र श्री चंदगी राम निवासी झोझू खुर्द जिला चरखी दादरी ❖ मा.बलवान सिंह दहिया पुत्र श्री रामू सिंह निवासी मकान नं. 746/11, बैंक कालोनी, भिवानी ❖ श्रीराम सैनी पुत्र श्री बलदेव राम सैनी निवासी मकान नं. 422, डीजी कालोनी, भिवानी ❖ रघुबीर सिंह चोकल पुत्र श्री शिवनारायण सिंह निवासी नजदीक पिपली वाली जोहड़ी, हनुमान गेट, भिवानी ❖ आदित्य सोनी पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी जीतू वाला जोड़कू, विकास हाई स्कूल, भिवानी ❖ डॉ.मामन चंद शर्मा पुत्र श्री पाल्ला राम निवासी बी 12, गिरीराज कालोनी, भिवानी ❖ भावेश पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी सीसीएसएचएयू ओल्ड कैम्पस, हिसार ❖ राजपाल सिंह पुत्र श्री सांवल सिंह निवासी लोहारी जाटू तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी ❖ जरीना पुत्री श्री आमीन गांव मानहेरू जिला भिवानी ❖ बसंत कुमार पुत्र श्री एसपी कालमाड़ी निवासी नजदीक मस्जिद, चरखी दादरी ❖ विभूति सानिया पुत्री श्री शिशुपाल निवासी मेन गली, गांव मानहेरू, जिला भिवानी ❖ मन्जु देवी पत्नी श्री चरण सिंह निवासी जोत राम धाम, ग्राम बादल, जिला चरखी दादरी ❖ अनिल कुमार पुत्र श्री रामफल निवासी नजदीक बालाजी मंदिर, गांव मानहेरू, जिला भिवानी

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**खबर संक्षेप**

## जयदेव अटवाल बने प्रदेशाध्यक्ष

**राजौंद।** जयदेव अटवाल को अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान अठवाल ने अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के डॉ.ए.पी.बेगी व संस्थापक सचिन विष्णु सरवटे, राष्ट्रीय महामंत्री भूतपूर्व उपाध्यक्ष अनुसूचित आयोग राजस्थापक वीर सिंह धिंगाना, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दिलशाद गार्डन, अशोक कुमार झा, राष्ट्रीय प्रमुख जनरल सेक्रेट्री ऑफ आल इंडिया बाबासाहेब आंम्बेडकर राष्ट्रीय फेलोशिप भगवान सिंह मट्टू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस व समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी व हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्यों व संगठन से जुड़े सभी सम्मानित साथियों का आभार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**कैथल।** सत्य भारती स्कूल खेडी गुलाम अली में भारती एयरटेल फाउंडेशन के सौजन्य से क्लस्टर लेवल 'रंग तरंग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सत्य भारती समूह के सात विद्यालय—खुराना, तदाना, सैरा, सोंघरी, बुढ़ाखेड़ा, सोढ़ा तथा केरी गुलाम अली के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षक, क्लस्टर को-ऑर्डिनेटर तथा सभी विद्यालयों के शिक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत कई तरह की प्रतियोगिता हुई।

## विकास कार्यों में मंत्रियों को भी पछाड़ा, जिला कैथल में केवल पूंडरी हलके तक सिमटा विकास

# विधायक सतपाल जांबा ने 550 करोड के विकास कार्यों से रचा नया इतिहास

**कलायत, गुहला और कैथल हलकों को विकास की दरकार, विधायकों का एक साल का रिपोर्ट कार्ड**

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

भाजपा सरकार का एक साल का समय पूरा हो चुका है। ऐसे में जहां सरकार अपनी उपलब्धि बता रही है तो वहीं विधायक भी अपना अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश कर रहे हैं। जिला कैथल की बात की जाए तो यहां पर भाजपा केवल एक ही सीट हलका पूंडरी से कमल खिलाने में कामयाब रही। इसके अलावा कलायत, गुहला और कैथल से कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई। हलके की जनता ने भले ही कांग्रेस प्रत्याशियों को विधायक का मुकुट पहनाया हो लेकिन अब तीनों हलकों कलायत, गुहला और कैथल विकास में पिछडकर रह गई है। केवल पूंडरी हलके में ही विकास की गंगा बह रही है तथा अन्य तीन हलकों में सूखा पड़ गया है। विकास की दृष्टि से हलका पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा अन्य तीनों विधायकों पर भारी पडते नजर आ रहे हैं। जहां जांबा ने करीब 550 करोड के विकास कार्य करवाते हुए जहां मंत्रियों को भी पछाड रहे हैं तो वहीं अन्य विधायक 50 करोड का आंकडा भी पार नहीं कर पाए हैं।



कैथल। विधायक सतपाल जांबा करोड़ के स्कूल में उद्घाटन करते हुए- फाइल फोटो।

### एक साल में करीब 550 करोड़ के विकास कार्यों ने बदली हलका पूंडरी की फिजा



सतपाल जांबा

हलका पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने हलका पूंडरी की विकास की नई इंबादत रची है। एक वर्ष के कार्यकाल में ही उनके द्वारा करीब 550 करोड़ के विकास कार्य करवाए गए हैं जो शायद पिछले 20 सालों में भी नहीं हुए। विधायक द्वारा हलके के सरकारी स्कूलों में करीब 17 करोड से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जांबा ने बताया कि गांव फरल में पीएचसी का निर्माण करवाने के लिए दो करोड रुपए की ग्रांट मंजूर करवाई गई है। कस्बा पुंडरी की सीएचसी में 70 लाख रुपए की लागत से नए भवन का निर्माण करवाया गया। इसके साथ ही सीएचसी पुंडरी में जो बिल्डिंग बनी हुई है उसके ऊपर एक नई बिल्डिंग का निर्माण करवाया जाएगा जिसमें 22 कमरे उपलब्ध होंगे। जांबा ने बताया कि खेलों को लेकर उनके द्वारा करीब 70 लाख रुपए की ग्रांट दी गई है। गांव पाई में कबड्डी अकादमी के अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए उन्हें 2 करोड रुपए अलग से मंजूर करवाए। इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम कबड्डी में 7 लाख, इनडोर स्टेडियम पुंडरी में 18 लाख, राजीव गांधी खेल परिसर भाना में 21 लाख, राजीव गांधी खेल परिसर फतेहपुर में करीब 14 लाख की लागत से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### हलका रहा विकास से अछूता, हो रही अनदेखी : देवेंद्र हंस



देवेंद्र हंस

विधायक देवेंद्र हंस ने बताया कि 1 साल से ऊपर का समय बीत गया है। हलके की जनता आंख खोल बैठी है कि कब चीका में विकास कार्य शुरू होंगे लेकिन चीका की तो छोड़ो पूंडरी के अलावा कैथल जिले की अन्य तीनों विधानसभा सीटों में कहीं भी कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। कैथल जिले में पुंडरी में विकास और अन्य हलकों की अनदेखी हो रही है। भाजपा की करने और कटनी में अंतर है। जनता ने हमें भी वोट दिया है हम जनता के सामने क्या मुंह लेकर जाएं। विकास के नाम पर हमारा क्षेत्र अछूता रह गया है। मौजूदा सरकार की नीतियों को दिखाने और करने में बड़ा फर्क है। उन्होंने विधानसभा में जो मुद्दे उठाए थे उनमें से किसी भी तरह का अभी तक कोई विकास कार्य शुरू नहीं हुआ। एक तरफ जहां पुंडरी से विधायक सतपाल जांबा आए दिन किसी न किसी गांव में किसी का शिलान्यास या उद्घाटन करते रहते हैं उसी तरफ दूसरी तरफ दूसरे हलके से विधायक गांव में चाहकर भी नहीं जा सकते क्योंकि जनता विकास चाहती है।

### विकास के नाम पर हलका की हो रही अनदेखी अपने दम पर करवा रहे काम : आदित्य सुरजेवाला



आदित्य सुरजेवाला

आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि इस साल 2 करोड वांगी स्कीम के तहत मिला। सारे कार्यों के एस्टीमेट के पैसे पंचायत विभाग और सीएमओ से अप्रूव होते है। लंबा प्रोसेस है, कार्य देने के बाद महीने महीने लग जाते है। सुरजेवाला ने बताया कि उन्होंने श्मशान घाट, मंदिर, गौशाला, चौपालों में शेड, शहर और गांव के पार्क में दौड के ट्रेक, चारदीवारी, ओपन जिम, ब्राह्मण, रोड, राजपूत, सामान्य चौपाल में हाल, बाथरूम, कमरा, रसोई घर, चार दीवारे, गांव में लाइब्रेरी का हॉल और सामान, महिला संस्कृति केंद्र। इसके अलावा वे सप्ताह में 2-3 दिन फ्री अस्पताल चलाते हैं जिसमें सभी प्रकार की आधुनिक मशीन व यंत्र हैं।इसमें मरीजों को उनके घर द्वार पर ही दवाइंया व चिकित्सक की सुविधा मुहैया हो जाती है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए खाटू श्याम धाम और सालासर धाम के लिए निःशुल्क बस यात्रा भी चलाई जा रही है। इसमें जाने वाले सभी श्रद्धालुओं का खर्च वे स्वयं उठाते हैं।

### विधानसभा सत्र में आवाज उठाने पर भी नहीं हो रही सुनवाई : विकास सहारण



विकास सहारण

कलायत हलके के करीब 17 गांवों का भाखाडा नहर से पाईप लाइन दबवाकर पेयजल उपलब्ध करवाना कौलेखा, ढूंढवा, शिमला, कुराड, दुबल, सिनद, पिंजुपुरा, खरक आदि शामिल है। विधानसभा सत्र के दौरान कपिलमुनि माइनर का जीर्णोद्धार, सरकार ने दी मंजूरी, इसके बनने से कलायत के कई गांवों को खेती के लिए पानी मिलेगी। सिरसा ब्रांच नहर के साथ साथ माइनर की हामी भरी, ग्रामीणों को मिलकेगा पानी। कलायत में परशुराम कम्यूनिटी सेंटर का करीब डेढ करोड बजट मंजूर करवाया। तितरम मोड से लेकर देवबन तक सडक बनवाने का काम किया। कलायत के कैंची चौक से कुराड तक सडक निर्माण कार्य करवाया गया।

## रंग तरंग कार्यक्रम में सत्य भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

कलस्टर लेवल पर रंग तरंग कार्यक्रम सत्य भारती स्कूल रसीना में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारती एयरटेल फाउंडेशन के माध्यम से करवाया गया। कार्यक्रम में ड्राइंग कंपटीशन, इंग्लिश क्वीज कंपटीशन और कल्चरल एक्टिविटीज का आयोजन किया गया।

इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव से रिटायर्ड शिक्षक सुल्तान सिंह शामिल रहे और गांव से अभिभावक गण भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। सत्य भारती के पांच स्कूल अहमदपुर करोड़ा,टीक, शेरू खेड़ी,बरसाना स्कूल शामिल रहे और यह कार्यक्रम बच्चों द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया।



**कैथल।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

कार्यक्रम में सत्य भारती स्कूल रसीना स्कूल प्रथम रहा और द्वितीय श्रेणी में सत्य भारती स्कूल करोड़ा ने बाजी मारी और तृतीय श्रेणी में सत्य भारती अहमदपुर स्कूल रहा। इस दौरान सत्य भारती एयरटेल फाउंडेशन से ट्रेनर रवि प्रकाश शर्मा कलस्टर कॉर्डिनेटर पंकज भारद्वाज रसीना और स्कूल के मुख्य अध्यापक राजेंद्र शर्मा सहित स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य शामिल रहे।

## 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना गंभीर अपराध : जीवन सिंह

हरिभूमि नयूज ▶▶| गुहला चीका

ईंट-भट्टे पर मजदूरों को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता जीवन सिंह नैन ने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना कानूनन गंभीर अपराध है। दोषी पाए जाने पर 3 वर्ष तक की सजा और एक लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने इसे सभ्य समाज के माथे पर कलंक बताया कि जिन बच्चों के हाथों में किताबें और पेन होने चाहिए, उनके हाथों में हथौड़ा और अन्य उपकरण थमा दिए जाते हैं।

नैन ने बताया कि अधिकांश मजदूर सालाना लगभग 3 लाख से कम आय रखते हैं, इसलिए वे मुफ्त कानूनी सहायता पाने के पात्र हैं। यदि किसी मजदूर को कोई सिविल या क्रिमिनल समस्या हो, तो वह किसी भी कार्य दिवस में एक साधारण आवेदन देकर पैनल में शामिल किसी भी अधिवक्ता की निःशुल्क सेवाएं प्राप्त कर सकता है। इसके लिए उसे किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना होगा।

मजदूरी संबंधी किसी भी तरह के विवाद निपटारे के लिए जिला न्यायालय में ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। किसी भी पात्र व्यक्ति को यदि लगे कि उसके साथ अन्याय हुआ है, तो वह उनसे मिलकर अपनी समस्या रख सकता है। आवश्यकता पड़ने पर लेबर ऑफिसर की मदद से श्रमिक न्यायालय में भी याचिका दायर की जा सकती है।

## युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान, मूल्य व परंपरा से जोड़ने का माध्यम है गीता : कठवाड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव ड्योढ़ खेड़ी में शुक्रवार को गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में काफी ग्रामीणों ने ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि गीता जयंती के आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान,मूल्य और परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनते हैं। गीता कोई युद्ध-ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और आधुनिक युग की सबसे बड़ी थेरेपी है। गीता ने बताया है कि श्रद्धा से ही ज्ञान मिलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से गीता महोत्सव का आगाज कर दिया है। गीता हर समस्या का सबसे सरल और शक्तिशाली समाधान है। उन्होंने ग्रामीणों के उत्साह और सहभागिता को भी सराहा। गीता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा लें। इस अवसर पर गुरु शांति दास, सरंपच राजेश कुमार, रणधीर, बचना राम, सोमप्रकाश, ओमप्रकाश, पोलू नंबरदार, गजे सिंह, राजबीर, जसबीर, पदम भाटी मौजूद थे।



**कैथल।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड को सम्मानित करते ग्रामीण।

## ट्रैकडाउन पखवाड़े में पुलिस को बड़ी उपलब्धी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि ट्रैक डाउन अभियान के पखवाड़े के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के दौरान 69 अपराधियों को पकडा गया है। जिसमें 15 पिस्तौल तथा 19 कारतूस बरामद किए गए। नशा तस्करों को काबू किया गया और नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। ट्रैकडाउन पखवाड़े के दौरान जिला पुलिस ने सहरानीय प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियां हासिल की है।

एसपी कुलदीप सिंह शुक्रवार को अपने कार्यालय ने ट्रैक डाउन अभियान पखवाड़े को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीजीपी के दिशा-निर्देशों पर पांच नवंबर से अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए ट्रैकडाउन अभियान में गंभीर अपराधों में 69 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। इस अवधि में अपराधियों से 14 अवैध पिस्तौल, एक देशी कट्टा, दो मैग्जीन, 19 रौंद बरामद किए हैं। नशा तस्करों के कब्जे से 26 ग्राम 50 मिली ग्राम हैरोइन, 505 ग्राम चरस, दो किलोग्राम 705 ग्राम अफीम, 27 किलो 570 ग्राम चूरापोस्त बरामद है। इस अवधि के दौरान फायर इंसीडेंट केसों में कुल 12 मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। तीन लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए गए हैं। 13 अपराधियों कि हिस्ट्रीशीट खोली गई है। गैंगस्टर एक्ट के तहत पांच अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही कि गई है। एक अपराधी कि जमानत रद्द करवाई गई है।

### जेल से आए अपराधियों पर कार्रवाई

एसपी के अनुसार जेल से बाहर आए नौ अपराधियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई गई। पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सिविल प्रशासन कि मदद से पराली जलाने के 108 मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें 95 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी कुलदीप ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा निरंतर गश्त, निगरानी, खुफिया तंत्र को मजबूत करने और पुलिसिंग के चलते अपराध नियंत्रण में काफी सुधार आया है।

## हिंदू कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में पुस्तकालय विभाग द्वारा ई रिसोर्सेज बनाम आई टूल्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभांरभ महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता सीनियर लाइब्रेरियन व नोडल ऑफिसर जिला पुस्तकालय हरिश्चंद्र रहे। जिन्होंने छात्राओं को ई रिसोर्सेज व ए आई टूल्स के बारे में विस्तार से बताया तथा छात्राओं को अपने अध्ययन में इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पुस्तकालयाध्यक्षा डा. पिंकी ने छात्राओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि इन उपकरणों का उपयोग करके छात्राएं अपने अध्ययन को आसान व अधिक प्रभावी बना सकती हैं। इस कार्यशाला में छात्राओं ने ए आई टूल्स के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को ए आई टूल्स के बारे में जागरूक करना तथा उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था। छात्राओं ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान में वृद्धि की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका रेखा सैनी, कुमारी सुरभि व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय में रोजगार पंजीकरण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पूर्व हलका प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी के प्रयास और रोजगार कार्यालय जींद के सहयोग से शुक्रवार को शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निशुल्क पंजीकरण कैंप लगाया गया। इस मौके पर सैंकड़ों युवाओं नें मुफ्त में रोजगार कार्यालय में अपना पंजीकरण कराया।

जुलाना में आयोजित रोजगार पंजीकरण शिविर में जुलाना विधानसभा के सभी गांवों और आसपास के युवा बड़ी संख्या में अपने डॉक्यूमेंट्स लेकर पहुंचे थे।



यहां पर युवाओं को रोजगार और रोजगार भत्ता को लेकर उनका पंजीकरण किया गया। रोजगार कार्यालय जींद की अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि हरियाणा सरकार शैक्षिक योग्यता के हिसाब से बेरोजगार युवाओं को 1200 रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक का हर महीने बेरोजगारी भत्ता दे रही है।

## ग्राम सचिव व पटवारी प्रतिदिन करें खेतों का दौरा : मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को चाहिए कि वे इन स्कीमों का लाभ उठाकर वैज्ञानिक व आधुनिक तरीके से अवशेषों का प्रबंध करें। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने शुक्रवार को उपमंडल के गांव बागड़ कलां व खुर्द, लुदाना, भम्भेवा, मोरखी, गांगोली, हाट सहित अनेकों गांवों का दौरा कर फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर किसानों को जागरूक किया। इस मौके पर उनके साथ तहसीलदार राजेश गर्ग, कृषि विभाग के एसडीओ सुशील कुमार, संबंधित पटवारी, ग्राम सचिव मौजूद रहे। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि सरकार द्वारा सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, रोटावेटर, जीरो टिल सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में विद्यार्थियों को किया संबोधित, दिए टिप्स

# विद्यार्थियों को करने होंगे रोजगारोन्मुख कोर्स : सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षा व्यवस्था में भी तेजी से परिवर्तन हो रहा है और उसी के अनुरूप विद्यार्थियों को रोजगार उन्मुख, प्रयोगाधारित तथा उभरती तकनीकों की ओर अग्रसर करना आवश्यक हो गया है। आज का दौर केवल किताबों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यवहारिक और प्रायोगिक ज्ञान की मांग तेजी से बढ़ी है। विद्यालय स्तर पर प्राप्त होने वाला ज्ञान विद्यार्थियों के भविष्य की नींव रखता है, लेकिन आधुनिक समय की चुनौतियों और अवसरों को देखते हुए अब आवश्यक है कि विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे अत्याधुनिक विषयों की ओर कदम बढ़ाएं।

जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार शुक्रवार को अंबाला रोड पर कैथल क्लब के सामने स्थित हार्ट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अधीक्षक सुरेश कौशिक और स्किल सेंटर के हेड डॉ. बलविंद्र ढुल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्होंने नवीनतम तकनीकों पर आधारित मॉडल, प्रोजेक्ट्स और कोर्सेज के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सेंटर के इन्फ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी की योग्यता एवं कुशलता और मैनेजमेंट के विज़न की सराहना करते हुए कहा कि यह सेंटर स्टेट ऑफ द आर्ट है। यहां पढ़ने वाले बच्चों का बौद्धिक स्तर काफी ऊंचा है, जो सेंटर में शैक्षणिक अनुशासित वातावरण को प्रदर्शित करता है। यहां से तकनीकी शिक्षा हासिल करके विद्यार्थियों का भविष्य निश्चित तौर पर उज्जवल है। कैथल जैसे शहर में यह सेंटर तकनीकी शिक्षा के सभी मानक पूरे करता है। सुरेश कुमार ने कहा कि अब वह समय बीत चुका है, जब स्कूलों में छड़ी का प्रयोग कर विद्यार्थियों को अनुशासित और शिक्षित किया जाता था। आज का युग तकनीक आधारित युग है।



**कैथल।** डीइओ सुरेश कुमार को सम्मानित करते बलविंद्र ढुल तथा पंकज आत्रेय।

### तकनीकों में दक्ष युवा तैयार करना लक्ष्य : ढुल

डॉ. बलविंद्र ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्किल सेंटर का उद्देश्य भविष्य की तकनीकों में दक्ष युवा तैयार करना है। अधीक्षक सुरेश कौशिक ने विद्यार्थियों को तकनीक को अपने करियर का हिस्सा बनाने और डिजिटल कौशल विकसित करने का आह्वान किया। हारट्रोन की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेंटर मैनेजर मोहिनी कंसल, चीफ कोऑर्डिनेटर पंकज आत्रेय, कोऑर्डिनेटर खुशबू अरोड़ा आदि सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन सृष्टि तनेजा ने किया।